# जागरण : सागर : दमोह : रायसेन : विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com

राहतगढ़ ● खुरई ● पथरिया ● सिलवानी ● गैरतगंज ● गंजबासौदा ● सिरोंज ● बीना ● शमशाबाद

भोपाल 27 दिसंबर 2025


### रहली थाने के ग्राम मैनाई में लोमहर्षक घटनाक्रम, गांव में पसरा मातम

# सनसनीखेज सुसाइड : मां और दो मासूम बेटे कमरे में फंदे से लटके मिले, जांच जारी

**जागरण, सागर/रहली।** थाना रहली के ग्राम मैनाई में शुक्रवार की सुबह मां और उसके दो मासूम बेटों की आत्महत्या का मामला सामने आया है। तीनों के शव उनके घर के कमरे में फंदे से लटके मिले। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि घटना की वजह क्या है। पुलिस की शुरआती जांच में भी सुसाइड ही बताई गई है।

बहरहाल, घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है और लोग दुख के साथ हैरत में भी हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रहली थाना क्षेत्र का छोटा-सा गांव मैनाई है जहां लोधी परिवार सामूहिक रूप से एक ही मकान में रहता है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार की देर शाम की है। यहां घर के सबसे पीछे वाले कमरे में रचना लोधी पति राजेश उम्र 28 वर्ष और उसके दो बेटे ऋषभ उम्र 5 वर्ष व राम उम्र 2 वर्ष के शव फंदे पर लटके पाए गए। मृतका के जेठ बृजेश लोधी ने पुलिस को बताया कि वे अपने छोटे भाई और मृतका के पति राजेश लोधी के साथ गुरुवार की रात करीब 8 बजे सिंचाई करने के लिए अपने खेत पर गए थे। रात 9.45 पर लौटे तो राजेश अपने कमरे में चला गया। कुछ ही समय के बाद अचानक राजेश जोर से चिल्लाया और कमरे में आने के लिए बुलाया।

किसी अनहोनी को भांपकर बृजेश के साथ घर पर मौजूद अन्य परिजन भी जब राजेश के कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनकी रूह कांप गई। कमरे की म्यारी में तीन रस्सियां बंधी हुई थीं। बाएं तरफ रचना, उसके बाजू में बेटा ऋषभ और तीसरी रस्सी में बेटा राम के शव लटके हुए थे। परिजनों ने तत्काल ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा करने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए और गांव में गमगीन माहौल में दो मासूम और मृतका मां का अंतिम संस्कार किया गया।





### कोई विवाद नहीं आया सामने

अभी तक जो जानकारी परिजनों और पुलिस के हवाले से मिली है, उससे पता चल रहा है कि घटना के पीछे कोई पारिवारिक विवाद नहीं है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है लेकिन प्रथम दृष्टया यही पाया गया कि यह आत्महत्या का मामला है। जेठ ब्रजेश ने बताया कि वे तीन भाई हैं जिनमें से बड़े देवेंद्र का निधन हो चुका है। तीनों भाइयों का पूरा परिवार अपनी मां के साथ घर पर सामूहिक रूप से रहते हैं। पिता गोपीसींग खेत पर बने मकान में रहते हैं।

### मौके पर पहुंची एफएसएल टीम, जांच के लिए साक्ष्य जुटाए



जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने यहां की जांच की और साक्ष्य जुटाए हैं। रहली में डॉक्टरों के पैनल ने शवों का पोस्टमार्टम किया। डॉक्टरों के मुताबिक मामला दम घुटना यानी फांसी लगने से मौत होने का लग रहा है। हालांकि विस्तृत पड़ताल के बाद ही मामले में कुछ कहना संभव हो सकेगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है कि यह आत्महत्या ही है या कुछ और।

## महाविद्यालय में वीर बाल दिवस आयोजित




**जागरण, राहतगढ़।** नगर की शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई के द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ चंदनसिंह सागर के निर्देशन में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ भरत पटेल ने बताया कि भारत में हर साल 26 दिसंबर को मनाया जाता है। कार्यक्रम की थीम साहस एकजुटता और मानवता की रक्षा के लिए समर्पण पर केंद्रित थी। कार्यक्रम में डॉ शिरोमणि मिश्रा डॉ रश्मि जैन डॉ अपर्णा दुबे डॉ निधि नगाइच संदीप जैन आशीष रैकवार डॉ छोटूराम पवन कोरी लखन पटेल संजय पटेल अनिल अहिरवार कुंदन पटेल एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**जागरण, सागर।** शुक्रवार को पंतनगर वार्ड स्थित वेदांती मंदिर परिसर में महिला बाल विकास परियोजना सागर शहरी क्र.1 द्वारा वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर चित्र कला, रंगोली, प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। परियोजना अधिकारी रजनी बारोलिया ने बताया की युवा प्रतिभा का पोषण करना रचनात्मकता को बढ़ावा देना एवं बच्चों को विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर सुपरवाइजर स्वाति राय ,सारिका प्रजापति ,वार्ड की कार्यकर्ता जावित्री कोरी, सरोज अहिरवार, रेखा, शशि, रेशमा, निर्मला, पंतनगर वार्ड पार्षद गोलू कोरी, राहुल नामदेव, हरिनारायण नामदेव, गुरुदयाल चौबे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए।

## न्यूज कार्नर

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आयोजित



**जागरण, राहतगढ़।** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा के मार्गदर्शन में सुरखी विधानसभा प्रभारी अंजू बघेल की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा प्रभारी ने सभी नवनियुक्त कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष के साथ रायशुमारी की। इस दौरान सुरखी विधानसभा अंतर्गत पांचों ब्लाक के मंडलम अध्यक्ष एवं नगर परिषद के वार्डों के अध्यक्ष के साथ विधानसभा क्षेत्र में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने एवं मतदाता सूची के मिलान करने के संबंध में विशेष चर्चा की। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंडित नीरज शर्मा नप अध्यक्ष गोलू राय राहतगढ़ ब्लाक अध्यक्ष राजू पटेल सुरखी ब्लाक अध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर बिलहरा उप ब्लाक अध्यक्ष बंटी चौबे जैसीनगर ब्लाक अध्यक्ष अनिल सोनी सीहोरा ब्लाक के अध्यक्ष राजकिशोर दुबे सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आदर्श दाम्पत्य जीवन का वर्णन किया

**जागरण, खुरई।** पति-पत्नी के पवित्र, मर्यादित और अटूट रिश्ते रघुकुल जैसी परंपरा को दर्शाती है, जो आत्मा को छू लेती है। ग्राम मुहली व्यास में श्रीरामचरित मानस सम्मेलन के दूसरे दिन कथा व्यास पूज्य पं. जगतगुरू धीरेंद्राचार्य महाराज ने कही। वहीं श्रीराम और सीता के आदर्श दाम्पत्य जीवन का वर्णन करते हुए बताया कि सच्चा दाम्पत्य केवल साथ चलने का नाम नहीं, बल्कि त्याग, धैर्य, को प्रदर्शित करता है। कथा लाईव प्रसारित की जा रही है, जिसे लोग घर बैठे ही रामकथा श्रवण कर पुण्य लाभ ले रहे हैं।

# अवैध मसाला चक्की पर कार्रवाई मिलावटी लाल मिर्च की जब्त

### खाद्य सामग्री के नमूने लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे

**जागरण, सागर।** मिलावट का कारोबार तमाम कवायद के बावजूद जारी है। लोग नहीं जानते कि जो लाल मिर्च वह खा रहे हैं, वह भी नकली है। खेल मसाला चक्कियों पर तक चल रहा है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार नमूना लेने एवं जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बमोरी रेगुंवा में बिना लाइसेंस संचालित एक मसाला चक्की पर कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान मसाला चक्की में एक क्विंटल खड़ी लाल मिर्च में गेहूं का आटा एवं अखाद्य रंग जैसे पदार्थ मिलाकर पिसाई किए जाने की पुष्टि हुई। यह पिसाई सामग्री विनोद गुप्ता की बताई गई जबकि मसाला चक्की नंदलाल चढ़ार की होना पाया गया। उक्त दोनों विक्रेताओं के पास आवश्यक फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी मिश्रण के नमूने संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 98 किलो लाल मिर्च चूर्ण एवं अखादय् रंग का मिश्रण जब्त किया गया।



### दो कॉलेजों के बीच एमओयू संपन्न

**जागरण, सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में निजी कॉलेज के साथ स्टार्टअप को लेकर एमओयू साइन हुआ। इस एमओयू साइनिंग से दोनों कॉलेज के मध्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने एवं दोनों कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप्स में किए जाने वाले कार्यों का आपसी सामंजस होगा। इस कार्यक्रम में पांच विद्यार्थी ने स्टार्टअप्स के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे स्टार्टअप्स में कार्य एवं नवाचार को बतलाया गया एवं चयनित स्टार्टअप्स विद्यार्थी रामाशीष यादव, शिवानी पटेल, महक श्रीवास्तव एवं पुनीत राजपूत को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सरोज गुप्ता ने कहा कि इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को परस्पर लाभ मिलेगा।

## जोरावर सिंह और फतेह सिंह की झांकी सजाई



**जागरण, गौरझामर।** सरस्वती शिशु मंदिर मढ़ी मार्ग विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पं. ब्रजबिहारी पटेरिया विधायक विधानसभा क्षेत्र देवरी ने वंदना सत्र में साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर छात्रों ने साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की सुन्दर झांकी प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रीतम सिंह राजपूत, उमा श्रीकृष्ण खटीक मनोज घुरा मंडल उपाध्यक्ष गौरझामर सत्यनारायण ठाकुर प्रेमनारायण साहू शशिकांत शेंड्ये नाथूराम मिश्रा वरिष्ठ नागरिक रश्मि अरेले एवं समस्त स्कूल परिवार उपस्थित रहे।

## सरकारी मिट्टी खदान के रास्ते पर किया अतिक्रमण, ज्ञापन सौंपा



**जागरण, शाहगढ़।** तहसील क्षेत्र के ग्राम तिगोड़ा में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लगभग दो सौ परिवार के लोगों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम नवीन सिंह को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेख है कि शासन द्वारा तिगोड़ा ग्राम में कुम्हारों को अपनी रोजी रोटी चलाने के लिए शासकीय भूमि आरक्षित की है जिस पर ग्राम के असामाजिक तत्वों ने अतिक्रमण कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि तिगोड़ा ग्राम में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले लगभग दो परिवार हैं जो मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। शासन द्वारा कुम्हारों को मिट्टी खोदने के लिए शासकीय भूमि भी आरक्षित की है जिसका रकबा लगभग साढ़े छह हेक्टेयर है। कुम्हारों के लिए आरक्षित भूमि पर वाहन लाने ले जाने के लिए शासकीय रास्ता भी निर्धारित है। मिट्टी की खदान पर जाने वाले शासकीय रास्ते को ग्राम तिगोड़ा के मुन्नी यादव एवं हीरो प्रजापति ने अतिक्रमण कर खेती कर ली है एवं तार लगाकर रास्ता बंद कर दिया है जिससे कुम्हारों को रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। ग्रामीणों ने रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन से मांग की है।

## अवैध कच्ची मदिरा के अड्डों पर आबकारी विभाग ने दी दबिश

### कार्रवाई करते हुए 1.08 लाख की सामग्री जब्त

**जागरण, सागर।** आबकारी विभाग सागर द्वारा अवैध कच्ची मदिरा निर्माण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत 20 दिसंबर को खुरई क्षेत्रांतर्गत एवं 25 दिसंबर को बीना क्षेत्रांतर्गत समूहिक रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर छापेमारी की गई तथा ढाबों व टपरों की तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान कुल 11 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मौके से 25 पाव व्हिस्की मदिरा, 3 केन पॉवर बीयर, 36 लीटर कच्ची मदिरा एवं 985 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर आबकारी



अधिनियम के तहत विधिवत कब्जा लिया गया। जब्त मदिरा, महुआ लाहन एवं मदिरा निर्माण सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 8 हजार 700 रुपए आंकी गई है। विभाग का कहना है कि अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

## बलिदान दिवस पर स्कूल में प्रार्थना सभा




**जागरण, खुरई।** शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय खुरई में प्रार्थना सभा में आज 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबाजादे जोरावर सिंह जी एवं साहिबजादे फतेहसिंह जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित। सादर नमन वंदन किया। नोडल अधिकारी शिक्षक डॉ विनोद राय ने बताया कि वीर बाल दिवस मनाने की एक कहानी सुनाई। इस अवसर पर प्राचार्य रविकांत असाटी, अशोक पाराशर, रामजी सिंह ठाकुर, अनिल पटेल ओमकार कुशवाहा दिनेश साहू गोपाल विश्वकर्मा उमाकांत शर्मा दशरथ अहिरवार, जी पी चौरसिया, जी पटवा सहित समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**विशेष अभियान** | अवैध शराब तस्करों पर बड़ी कार्रवाई, रहली पुलिस कर रही आरोपियों से पूछताछ

# पिकअप से 32 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सागर।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रहली पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 32 पेटी अवैध शराब जब्त करते हुए दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रहली पुलिस को गश्त के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन के माध्यम से बहेरिया की ओर से ग्राम पाटई रोड होते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। पुलिस द्वारा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी-28जेडीडी-1291 की तलाशी लेने पर वाहन में 32 पेटी अवैध शराब रखी हुई पाई गई। मौके पर वाहन चालक एवं उसके साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम कैलाश पिता भगवानदास काछी उम्र 24 वर्ष निवासी नरेटा थाना गढ़ाकोटा और सुनील पिता मंजू काछी उम्र 22 वर्ष निवासी तेन्दूखेड़ा थाना तेन्दूखेड़ा जिला नरसिंहपुर बताए। पूछने पर कोई भी लाइसेंस शराब परिवहन का नहीं होना बताया जिस पर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही कर अवैध शराब कीमत 1 लाख 60 हजार सहित पिकअप वाहन कीमती 5 लाख कुल 6 लाख 60 हजार को जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना लाकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रहली उप निरीक्षक सुनील शर्मा, प्रआ दीपक तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, आरक्षक सतीश तिवारी, मनोज, जितेन्द्र प्यासी का सराहनीय योगदान रहा।




## छात्रों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति




**जागरण, खुरई।** तक्षशिला ग्रुप ऑफ एजुकेशन की शाखा तक्षशिला मॉडल स्कूल में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि आर.एस.शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रतिमा मिश्रा सब इंस्पेक्टर, शहर थाना और स्कूल डायरेक्टर संजय दुबे थे। संचालक संजय दुबे ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि तक्षशिला मॉडल स्कूल की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी। कार्यक्रम के अंत में मेघावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाए, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### टीआई बेगी ने किया बालिकाओं से संवाद



**हटा।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में निवासरत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को स्कूल आने जाने में होने वाली कुछ समस्याओं की जानकारी लगने पर नगर निरीक्षक सुधीर कुमार बेगी ने हॉस्टल पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित किया। शाम के समय हॉस्टल पहुंचे टीआई बेगी ने परिसर के अंदर पहुंचते ही पहले तो उन्हें अपने चिर परिचित अंदाज में अंग्रेजी पढ़ाई उसके बाद उन्होंने लड़कियों से दुर्गा का रूप रखकर किसी भी गलत काम का विरोध करने का साहस दिखाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमेशा विश्वास रखना आपके पुकारते ही हम तुरंत उपस्थित होने का वादा करते हैं। उन्होंने अपने बचपन की कमजोर परिस्थितियों का उदाहरण बालिकाओं के समक्ष देते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए बहुत संघर्ष एवं त्याग करना पड़ता है यदि विद्यार्थी जीवन में त्याग एवं संघर्ष करना सीख लिया तो ऊँचे पदों पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। अपनी बात समाप्त करने के बाद उन्होंने बालिकाओं के रास्ते में होने वाली समस्याएं सुनी और उनके उचित निराकरण का आश्वासन दिया।

### पीएन उपाध्याय के निधन पर श्रद्धांजलि

**दमोह।** सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं आजाद भारत पार्टी मप्र के संरक्षक डॉ पीएन उपाध्याय के निधन से आजाद भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरतन यादव प्रदेश अध्यक्ष सरला पंडित, पार्टी के प्रवक्ता धीरज अहिरवार, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म सिंह लोधी, प्रदेश संगठन मंत्री श्यामलाल पटेल, प्रदेश महिला मोर्चा कस्तूरी विश्वकर्मा, अध्यक्ष सलाहकार समिति छोटेलाल अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष लखनलाल पाली, अध्यक्ष दलित वर्ग कमला बंसल सहित सभी ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। उनके परिवार के सदस्यों को दुख सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करने की कामना की।

**जिलेभर की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का हुआ आयोजन**

# मनरेगा का नाम बदला और क्रियान्वयन में किए बड़े सुधार, 125 दिन का मिलेगा रोजगार



**जागरण दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में आज का दिन ग्रामीण विकास की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा। शासन के निर्देशानुसार आज पूरे जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत हरदुआ हाथीघाट में एक भव्य ग्राम सभा संपन्न हुई जिसमें ग्रामीणों को योजना के नए स्वरूप और बड़े हुए लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।

योजना के स्वरूप और नाम में परिवर्तन जिला पंचायत सीईओ प्रवीण कुमार और जनपद तेंदूखेड़ा सीईओ मनीष बागरी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस सभा में बताया गया कि अब मनरेगा योजना के नाम और क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। योजना में सुधार के अंतर्गत अब इसे बीबीजीरामजी के नाम से संबोधित कर बदलाव की प्रक्रिया शुरू की गई है। रोजगार की गारंटी 100 से बढ़कर हुए 125 दिन किया गया है। ग्राम सभा में ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मजदूरी के दिनों को लेकर रही है। अधिकारियों के निर्देशानुसार उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया गया कि अब मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिनों के गारंटीशुदा रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक मजबूती आएगी और पलायन पर रोक लगेगी।

हरदुआ हाथीघाट में आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत के जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सरपंच हल्लू सिंह पंडाए सचिव मुकुंद सिंह यादव और रोजगार सहायक सचिव राजेश सिंह लोधी, उप सरपंच संग्राम सिंह लोधी एवं पूर्व सरपंच गोविंद सिंह, लटोरी सिंह, पहाड़ी सिंह, रचना, रेखा, सुरेखा, हल्के भैय्या सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति रही है।

## डूबने से मासूम की मौत, अस्पताल पर आरोप

**जागरण हटा।** सिविल अस्पताल हटा में अव्यवस्थाएं हावी हैं, यहां मरीजों को न तो स्ट्रेचर नसीब हो रहा है और पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह गांधी वार्ड हटा निवासी योगेश पटेल का तीन वर्षीय मासूम बेटा विवेक खेलते-खेलते खेत में बने पानी के गड्डे में गिर गया। जिसे निकालकर परिजन तत्काल ही सिविल अस्पताल हटा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया लेकिन उपस्थित ड्यूटी स्टाफ द्वारा पुलिस को सूचित करना भूल गया जिससे दोपहर दो बजे तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ तो परिजनों के सब्र का बांध टूट गया और सिविल अस्पताल हटा प्रबंधन पर परिजनों ने आरोप लगाया कि सुबह 9 बजे के अस्पताल में बैठे लेकिन दोपहर के दो बजे तक पुलिस को सूचना नही भेजी न ही हटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची ताकि आगे की कार्यवाही हो सके।

मृतक के परिजन अस्पताल में बिलखते रहे। अस्पताल में परिजन चीख चीख कर व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते रहे। इससे बढ़कर दोपहर करीब एक बजे एमएलबी स्कूल की छात्रा सीमा बिलाला को स्कूल में चक्कर आ जाने पर उसे सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां ड्यूटी डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया । रेफर पर्ची लेकर कुछ छात्राएं एवं परिजन एम्बुलेंस में ले जाने के लिए अस्पताल परिसर से छात्रा को पैदल बाहर लाए हाथ में बाटल लिए हुए थे छात्रा कराहते हुए पैदल चलते हुए वाहन पर पहुंची और रवाना हुई।

इस संबंध में ड्यूटी डॉक्टर अनंत कुमार का कहना है कि 11 बजे के बाद उनके पास मृत बच्चा लाया गया। पीएम के लिए परिजन तैयार नहीं थे, इसीलिए सूचना नहीं भेजी गई। सीबीएमओ डॉ उमाशंकर पटेल का कहना है कि दो बजे मोबाइल पर सूचना टीआई को दी गईं थी जिसकी पुष्टि करते हुये टीआई सुधीर बेगी ने कहा कि दो बजे डॉ. पटेल का फोन आया था जिस पर तहरीर भेजने अनुरोध किया गया था, सूचना पर तुरंत ही पुलिस अधिकारी भेज दिए गए थे।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में वीर बाल दिवस आयोजित



**जागरण हटा।** शहर के सीएम राईज विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि वर्ष 2022 से यह कार्यक्रम सतत रुप से प्रदेश के विभिन्न विधालयों में चल रही है। कार्यक्रम अंतगर्त वीर बालकों की कहानी लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लगभग 40 बच्चों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया व प्रथम स्थान जाग्रति चौरसिया दितीय स्थान पर वेदिका सोनी, तृतीय स्थान पर प्रिंस नायक रहे। इस बीच सन्दीपनी उत्कृष्ट स्कूल में विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, रमन खत्री पूर्व जिला महामंत्री, अरविन्द उपाध्याय, सौरभ नेमा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, प्रिंसदीप खटीक, रमाकांत सराफ, गगनदीप पाल, शैलेष पटेल की उपस्थित रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमन खत्री ने बच्चों को भारतीय इतिहास में मुगलों के साम्राज्य के समय गुरु तेगबहादुर सिंह, गुरु गोविंद सिंह एंव उनको बच्चों की धर्म के लिए की गई शहादत के विषय में जानकारी दी। वहीं विधायक श्रीमती खटीक ने बच्चों द्वारा ऊकेरी कलाकृतियों का अवलोकन कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही विधालय की छात्राओं में मोनिका उपाध्याय सौम्या दुबे, वैष्णवी प्यासी द्वारा अपने विचार रखे गये। संचालन पीएन खेमरिया एंव शिवा भटेले ने किया। अंत में संस्था प्राचार्य डॉ. अशोक अग्रवाल द्वारा आभार प्रकट किया गया।

**अनाथ, गरीब बेटियों के विवाह की अनूठी पहल**

# कन्या विवाह के साथ होगा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**जागरण दमोह।** कुम्हारी गांव के युवक ने एक अनूठी पहल शुरू की है। क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जनसहयोग से एकत्रित राशि से अनाथ और गरीब बेटियों का विवाह कराने का संकल्प लिया है। फाइनल मैच के समापन के बाद खेल मैदान पर ही मंडप सजाया जाता है। हजारों दर्शकों की उपस्थिति में वर-वधु की जय माला का कार्यक्रम संपन्न होगा। विवाह में उपस्थित क्षेत्रीय समाज सेवी एवं जनप्रतिनिधि लड़की के लिए घर गृहस्थी का सामान तोहफे के रूप में अपनी तरफसे भेंट करेंगे।

मकर संक्रांति के बाद 15 जनवरी को फाइनल मैच की ट्रॉफी से ज्यादा यादगार पल वो भी होंगे जब गरीब बेटियां अपने जीवन साथी के साथ अपनी जिंदगी की नई शुरुआत करेगी। यह सब तब संभव हुआ जब कुम्हारी गांव के निवासी रवि चौहान ने माना कि बेटा ओर बेटी में कोई फर्क नहीं। उन्होंने बताया मेरी पहली संतान बेटी है और मैंने दूसरी संतान भी बेटी ही चाही है। हर साल एक जरूरतमंद बेटी की शादी कराने का संकल्प लिया। बीते वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति ने जन सहयोग से वर्ष 2023 पहले सीजन में



कुम्हारी गांव की बेटी रानी आदिवासी का विवाह फाइनल मैच के दिन कराया गया। 2024 के दूसरे सीजन में बबीता आदिवासी का विवाह संजय नगर गैसाबाद निवासी युवक से संपन्न हुआ। इस आयोजन को समाज का जबरदस्त समर्थन मिला। इस साल फिर दो बेटियों के हाथ पीले होंगे। इस बार 20 दिसंबर 2025 से टूर्नामेंट शुरू हो गया है। इसमें जिले भर की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ऐंट्री फीस 2100 रूपए है। फाइनल मैच जीतने वाली टीम को 41 हजार रुपए का इनाम उप विजेता टीम को 11000 रुपए दिया जाएगा। एक दिन छोड़कर मैच होता है। 15 फरवरी 2026 को फाइनल मैच होगा। मैच के बाद दो बेटियों की शादी करवाई जाएगी।

श्री चौहान ने बताया कि कुम्हारी में क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत को दो वर्ष हुए है। यह सीजन का तीसरा टूर्नामेंट है इस वर्ष दो गरीब बेटियों का विवाह होना है क्रिकेट आयोजन समिति के सदस्य क्षेत्र में के गरीब परिवारों में तय करते है की किस बेटी के परिवार को विवाह में सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सरकार तो गरीब बेटियों का विवाह कराती है लेकिन समाज के लोगों की भी जिम्मेदारी है कि गरीबों की मदद एवं समाज सेवा के काम में सहयोग करें। कहते है शादी विवाह बच्चों का खेल नहीं लेकिन रवि चौहान ने खेल-खेल में शादी का संकल्प लेकर नई पहल शुरू की है।

# संपत्ति ऋण दिलाने के नाम पर डीएसए कंपनी ने ठगा

**कार्रवाई न होने से पीड़ित पहुंचे तहसील, सौंपा ज्ञापन**

**बीना जागरण।** सम्पत्ति ऋण दिलाने का झांसा देकर ग्रामीणों से लाखों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। बीना में संचालित एक डीएसए (डायरेक्ट सेलिंग एजेंट) कंपनी के संचालक रहीम खान उर्फ रहीश खान उर्फ रिहान खान पिता समीर खान, निवासी छतरपुर एवं उसके सहयोगी हरनाम सिंह पिता सुमेर सिंह विश्वकर्मा निवासी ग्राम बेरखेड़ी टाड़ा तहसील बीना पर गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने करीब एक वर्ष पूर्व सम्पत्ति ऋण दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसके एवज में लोगों से लॉगिन फीस व अन्य शुल्क के नाम पर हजारों से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की राशि वसूल ली गई, लेकिन न तो किसी का बैंक ऋण स्वीकृत हुआ और न ही जमा की गई राशि लौटाई गई।

**इन लोगों से की गई अवैध वसूली**

पीड़ितों द्वारा दिए गए विवरण के अनुसार लालसिंह लोधी ग्राम लायरा



तहसील कुरवाई (जिला विदिशा) से 56200 रुपये, संतोष कुमार अहिरवार, ग्राम रामपुर तहसील बीना से 30 से 40 हजार रुपये, अरविन्द पटेल, ग्राम गिरौल तहसील बीना से 30000 रुपये, नरेश कुमार अहिरवार, आचवल वार्ड बीना से 10200 रुपये, राजकुमार अहिरवार, ग्राम सतौरिया तहसील बीना से 65000 रुपये, जगन्नाथ विश्वकर्मा, ग्राम पालीखेड़ा तहसील बीना से 50000 रुपये तथा रामकुमारी अहिरवार, ग्राम आरोली (पिपरई) एवं उनके भाई दीवान सिंह लोधी, ग्राम रेता मुहासा तहसील बीना से 150000 रुपये लिए जाने का आरोप है। इसके अलावा मुस्तफा, कल्याण सिंह रमेरिया, रामसेवक, रमाकांत, कृष्णपाल यादव, नेतराम, नरेंद्र अहिरवार, राम सहाय चढ़ार एवं अंगद सहित अन्य लोगों से भी रकम वसूलने की बात कही गई है।

**थाने में आवेदन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

पीड़ितों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व वे बीना थाना पहुंचकर डीएसए कंपनी के खिलाफ लिखित आवेदन दे चुके हैं। इस पर थाना प्रभारी द्वारा मामले को जांच में लिए जाने की बात कही गई थी, लेकिन लंबे समय बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ठगी का शिकार हुए लोगों में आक्रोश है।

**तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

पुलिस स्तर पर कार्रवाई न होने से निराश पीड़ति शुक्रवार दोपहर तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में डीएसए कंपनी के कार्यालय को बंद कराने, समस्त रिकॉर्ड जब्त करने, अवैध रूप से वसूली गई राशि पीड़ितों को वापस दिलाने तथा दोनों आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में नरेश बौद्ध, हरिशंकर कुर्मी, मनोज, बलराम, राजकुमार अहिरवार, अंकित साहू सहित बड़ी संख्या में पीड़ित फरियादी शामिल रहे।

# बीना कप टूर्नामेंट में पहले राउण्ड के 6 मुकाबले



**बीना जागरण।** खिमलासा रोड स्थित बस स्टेण्ड के सामने राज वाटिका चल रहे बीना टूर्नामेंट में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम पं.राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की व टॉस करा कर मैच प्रारंभ कराया। जिसमे प्रमुख रूप से जिला प्रचारक विजय, संजीव जैन, सीपी रावत, शिवकुमार चौबे, दीपक जैन, हिम्मत सिंह, सोनाली राय, किरन लोधी, गोविन्द तिवारी, देवेन्द्र राय सहित प्रमुख स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पानी की मोटर हिट मी बोर्ड पर छक्का लगाने पर किसान मित्र मशीनरी के सौजन्य से सचिन खिमलासा को प्रदान की गई। इक्यावन सौ रुपए सक्षम को फौजी इलेवन झांसी लगातार तीन छक्के लगाने पर, छक्का लगाकर मैच जिताने पर युवराज टीकमगढ़ को ग्यारह सौ रुपए नगद दिए गए। शुक्रवार को छः मैच हुए पहला मैच गडोली और बीना के बीच हुआ जिसमें गडोली 36 रनों से जीती मैन ऑफ द मैच हरिओम रहे जिन्होंने 36 रन बनाए। दूसरा मैच खिमलासा एवं बंट के बीच हुआ खिमलासा की टीम विजय हुई मैन ऑफ द मैच सचिन रहे। तीसरा मैच झांसी और खुरई के बीच हुआ मैच मे झांसी 62 रनों से विजई हुई मैन ऑफ द मैच सक्षम ने 57 रन बनाए। चौथा मैच अमित इलेवन टीकमगढ़ और करोंदा के बीच हुआ जिसमें सात विकेट से टीकमगढ़ जीती मैन ऑफ द मैच दिव्यांश रहे। पांचवा मैच फोजी इलेवेन और अन्नी इलेवन खिमलासा के बीच हुआ फौजी इलेवन 91 रनों से जीती मैन ऑफ द मैच विजय रहे। छटवां मैच अमित इलेवन और गडोली के बीच हुआ जिसमें टीकमगढ़ जीती पांच विकेट से मैन ऑफ द मैच प्रथम रहे। मैचों मे अंपायर महेंद्र यादव, राजेश मिश्रा, सहाब सिंह राजपूत रहे। मैच मे कामेंटर अकरम अली व स्कोरर रोहित चढ़ार, नीतेश, राघव रहे। शनिवार को बडे मुकाबलों मे शिरकत करेंगी सरपंच इलेवन अशोकनगर इलेवन, दमोह धमाका इलेवन, बीसीसी ललितपुर इलेवन, नरेंद्र इलेवन बीना, फोर्स इलेवन बीना, मकरोनिया सागर के बीच खेला जायेगा।

## वीर बलिदानियों को किया याद



**बीना जागरण।** अथक पथ संग्रहालय में गुरूवार को बीरबल दानी सप्ताह के अंतर्गत बलिदानी गुरुगोविंद सिंह एवं उनके चारों पुत्र साहिब जादे, अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, माता गुजरी को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर सिख समाज की अध्यक्ष जसवीर कौर, सचिव अमरिंदर कौर, डॉ.रचना शर्मा, भोपाल से त्रिवेणी गोस्वामी, मनोज जाट, प्रतिभा जाट, संग्रहालय के संचालक राम शर्मा ने बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राम शर्मा ने मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेई, डॉ.धर्मवीर भारती, हेमंत तिवारी निशंक, पं.भागीरथ बिलगईयां, गाई मोहन रानडे सहित अनेकों क्रांतिकारियों देशभक्तों को भी याद किया गया। अध्यक्ष जसविंदर कौर ने बताया कि बलिदानी सप्ताह है इसमें गुरु गोविंद सिंह ने अपने चारों बेटों का बलिदान दे दिया था हिंदू धर्म की रक्षा के लिए उन्हें सर्वस्व निछावर करना पड़ा स्वयं का और बेटों का बलिदान दिया। लेकिन देश की रक्षा के लिए पीछे नहीं हटे। इस अवसर पर शशिनंदन रावत, रितिका तिवारी, हरि शर्मा, मैंकल रिछारिया, अदिति नामदेव, तृप्ति पाठक, तान्या पाठक, आराध्या नामदेव, शोभना पंथी, निवेदिता रावत, अर्जुन सिंह गौर, हिमांशु नामदेव, घनश्याम पटेरिया, अनुग्रह मिश्रा, युग चंदेल, हार्दिक रिछारिया, हार्दिक रावत, राजेश सोनी, शुभांश पटेरिया, आदित्य सोनी, रिया नामदेव, जिया नामदेव, अनुग्रह मिश्रा, दुर्गम्य चौरसिया आदि ने देश भक्ति के गीत गाकर बलिदानों को नमन किया। जिन शहीदों के लहू से लहलहाया चमन अपना, उन वतन के लाडलों की याद मुरझाने ना देना। इस गीत को सामूहिक रूप से गाकर श्रोताओं को द्रवित कर दिया राम शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।

# अंधेरे रास्ते पर मजबूर यात्री, रेलवे और नगर पालिका की लापरवाही उजागर

**रेलवे जंक्शन होने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव**



**बीना जागरण।** मालखेड़ी स्टेशन से खुरई फाटक तक का मार्ग पिछले दो वर्षों से अंधेरे में डूबा हुआ है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। इस मार्ग पर रेलवे द्वारा करीब दो साल पहले 92 बिजली पोल लगवाए गए थे। लेकिन रेलवे और नगर पालिका के बीच बिजली बिल भुगतान को लेकर चल रही खींचतान के कारण आज तक इनमें से अधिकांश पोलों पर लाइटें नहीं जल सकीं। रेलवे ने इन पोलों का हैंडओवर नगर पालिका को करने के लिए पत्राचार किया था, लेकिन पोल रेलवे की भूमि पर लगे होने का हवाला देते हुए नगर पालिका ने बिजली बिल भरने से इंकार कर दिया। परिणामस्वरूप, केवल नगर क्षेत्र में आने वाले करीब 10 पोल ही किसी तरह चालू हो सके, जबकि शेष 82 पोल अब भी बंद पड़े हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए ये खंभे अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।

**यात्रियों को अंधेरे में करना पड़ता है सफर**

मालखेड़ी स्टेशन पर प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक ट्रेनों का ठहराव होता है। बड़ी संख्या में ऐसे यात्री यहां उतरते हैं, जिन्हें आगे की यात्रा बीना स्टेशन से करनी होती है। रात के समय स्टेशन से बीना तक पहुंचने के लिए कोई समुचित साधन नहीं होने और पूरे मार्ग पर घोर अंधेरा रहने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कई यात्री तो अंधेरे और सुनसान रास्ते से निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाते।

**हादसे और लूटपाट का बना रहता है खतरा**

सुनसान और बिना रोशनी वाले इस मार्ग पर लूटपाट और असामाजिक गतिविधियों का खतरा लगातार बना रहता है। अंधेरे के कारण कई लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। बावजूद इसके रेलवे और नगर पालिका द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जो दोनों विभागों की लापरवाही को दर्शाता है।

**चोरी हो चुकी हैं कई एलईडी लाइटें**

लाइटें लंबे समय से बंद रहने के कारण असामाजिक तत्वों ने कई पोलों पर लगी एलईडी लाइटों को नुकसान पहुंचाया। वहीं कई लाइटें चोरी भी हो चुकी हैं। पूरे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों की सक्रियता बनी रहती है। पूर्व में कंजिया शराब दुकान में हुई लूट के आरोपितों को भी मालखेड़ी स्टेशन क्षेत्र से पुलिस ने हिरासत में लिया था।

**जंक्शन होने के बावजूद सुविधाओं का अभाव**

कटनी-बीना रूट का प्रमुख स्टेशन होने के साथ ही मालखेड़ी जंक्शन से गुना और झांसी की ओर सीधी ट्रेनें जाती हैं। इसके बावजूद यहां यात्री सुविधाओं का भारी अभाव है। रेलवे द्वारा स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। रेलवे और नगर पालिका की आपसी खींचतान में यात्री अंधेरे और असुरक्षित रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। यदि शीघ्र प्रकाश व्यवस्था बहाल नहीं की गई, तो किसी बड़ी अप्रिय घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### भागवत कथा में पुरुषार्थ और प्रभु कृपा का संदेश



**बीना जागरण।** ग्राम लखाहर स्थित धूनी माता मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के क्रम में कथा व्यास पं.राधानंदन अनिरुद्ध ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर गोवर्धन पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई। कथा के दौरान कथा वाचनक ने ब्रज की सुंदर लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जब माता यशोदा ने भगवान श्रीकृष्ण को उखल से बांधने का प्रयास किया तब रस्सी दो अंगुल कम पड़ गई। इसके पीछे गूढ़ अर्थ बताते हुए महाराज ने कहा कि वे दो अंगुल एक तो मनुष्य का पुरुषार्थ और दूसरा प्रभु की कृपा का प्रतीक हैं। जब मनुष्य अपने जीवन में सच्चे मन से पुरुषार्थ करता है, तो भगवान की कृपा स्वतः प्राप्त होती है। उन्होनें कहा कि सभी हिंदुओं को जातिवाद से ऊपर उठकर संगठित होना चाहिए। जब समाज जागरूक होकर एकजुट होगा और अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध पुरुषार्थ करेगा, तब निश्चित रूप से भगवान की कृपा भी प्राप्त होगी।

## खिमलासा में गहरा सकता है जल संकट, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**बीना जागरण।** खिमलासा ग्राम में नल जल योजना का कार्य अधूरा होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। दलित बस्ती के वार्ड क्रमांक 12 एवं 13 में यह कार्य बीच में ही रोक दिया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में गंभीर जल संकट बना हुआ है। जानकारी अनुसार संबंधित वार्डों में पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम शुरू किया गया था। हालांकि कुछ समय बाद बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्य बंद कर दिया गया। खुदाई के कारण रास्ते भी खराब हो गए हैं और पेयजल की समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के मौसम में स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम खिमलासा के लोग बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया और एसडीएम के नाम तहसीलदार डॉ.अंबर पंथी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि दलित बस्ती के वार्ड 12 और 13 में नल जल योजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूरा किया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही जल आपूर्ति की समस्या का समाधान हो सके। पंचायत सचिव जगदीश साहू ने बताया कि पुरानी नल जल योजना 1974 की है, जिससे मुश्किल से 30 प्रतिशत आबादी को पानी मिल पाता है। उन्होंने कहा कि नई नल जल योजना का काम जारी है और ज्यादातर क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। दलित बस्ती में भी पाइपलाइन बिछाकर जल्द ही जल आपूर्ति शुरू की जाएगी, हालांकि फिलहाल वहां पानी की सप्लाई नहीं है। वर्तमान में खिमलासा की 15000 की आबादी में से पंचायत द्वारा मुश्किल से 500 घरों में ही पानी की आपूर्ति की जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में माखन, रामलला, सुनील, राजेंद्र, लल्ला, अरविंद, दीपक, सोनू, गजराज, रामसिंह, जगन सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे।

शाम ढलते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिकती है अवैध शराब, ग्रामीणों ने की कार्यवाही करने की मांग

# आबकारी टीम ने दबिश देकर घर और ढाबे से जब्त की 32 पेटी शराब, एक आरोपी फरार, दूसरा जेल में





**जागरण, गंजबासौदा।** क्षेत्र में अवैध शराब के विक्रय की लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच शुक्रवार को आबकारी अमले ने संयुक्त दल बनाकर छापामार कार्यवाही की, लेकिन इस कार्यवाही में स्थानीय शराब ठेकेदार के गुर्गे भी मौजूद रहे। जिन स्थानों पर दूसरे क्षेत्रों से शराब लाकर बेंची जा रही थी, उन्ही स्थानों को चिन्हित कर यह कार्यवाही की गई, जबकि जिन गांवों में शराब ठेकेदार के व्यक्ति अवैध शराब को बेंच रहे हैं, वहां दबिश की सूचना से पहले ही घर में ताले लगा दिये गये। मामला पूरा संदिग्ध दिखाई दिया। फिल्हाल जो कार्यवाही आबकारी की टीम ने की है वह भी स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाती है, क्योंकि वार्ड क्रमांक 21 ईदगाह रोड पर जिस घर में शराब की पेटियों का जखीरा मिला है, उस मकान के ठीक पीछे पुलिस देहात थाना है। खास बात यह है कि कई वर्षों से वहां पर अवैध शराब का कारोबार हो रहा था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को नहीं हुई। साथ ही बासौद-गुरोद मार्ग के समीप बने नॉनबेज ढाबे पर भी रात को परोसी जाने वाली शराब की शिकायत की जानकारी पुलिस को न होना एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाती है, क्योंकि यह दोनों ही मामले देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैं और इस कार्यवाही में खास बात यह है कि रजौदा में भी आज वह दुकान बंद रही। जहां पर खुलेआम अवैध रूप से शराब बेंची जा रही है। जिससे ग्रामीण भी त्रस्त हैं।

### कांग्रेस नेता के ढाबे पर मिली 8 पेटी शराब

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती साधना पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को विदिशा जिले के वृत्त गंजबासोदा के अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर गंज बसोंदा में जैल रोड पर नरवरिया ढाबे पर विधिवत रूप से तलाशी ली गई, जिसमें कमल सिंह नरवरीया उम्र 53 साल, निवासी राजेंद्र नगर बासौदा के कब्जे से 03 कार्टून में देशी प्लेन मदिरा, 03 कार्टून में देशी मसाला मदिरा एवं 01 कार्टून में गोवा विदेशी मदिरा, कुल 350 पाव जिनकी कुल मात्र 63 बीएल है, जिसे बरामद किया गया है और आरोपित के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 21 में एक मकान की तलाशी लेने पर कुल 22 पेटी देसी मदिरा प्लेन,मसाला मदिरा एवं विदेशी मदिरा बरामद हुई, मौके से आरोपी मोनू पंथी फरार हो गया, फरार आरोपी के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का प्रकरण कायम किया गया। जब्तशुदा मदिरा का बाज़ार मूल्य लगभग 1 लाख 40 हजार रुपये आंकलित की गई है। आरोपित युवक ने यह शराब अपने घर के अंदर एक गड्ढा खोदकर उसमें लोहे की पेटी रखकर उसमें शराब रखी हुई थी, जो लंबे समय से उस कार्य में संलिप्त था। उक्त समस्त कार्यवाही में श्रीमती साधना पटेल सहायक जिला आबकारी अधिकारी, पुष्पेन्द्र ठाकुर आबकारी उपनिरीक्षक, संजय इवने आबकारी उप निरीक्षक, व्रत प्रभारी आर. एस धाकड, आबकारी आरक्षक पवन गौर, प्रवीन पांडवी, राहुल राठौर, शिवलाल चिडार, प्रदीप मालविय, मनोज नामदेव, प्रमोद धुर्वा, दीपक कुमार, नीरज रघुबंशी एवं प्रीति परिहार का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय सनातन सेनाः राममोहन पारासर बने भोपाल संभाग अध्यक्ष



**जागरण, लटेरी।** राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का विस्तार करते हुए लटेरी के वरिष्ठ भाजपा नेता राममोहन पाराशर (आरएसएस) को भोपाल संभाग के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति परम पूज्य महाराज सच्चिदानंद जी के आशीर्वाद एवं संत शिरोमणि गुरुदेव श्री दंदरौआ महाराज के विशेष दिशा-निर्देशों पर की गई है।

### संगठनात्मक तालमेल और विस्तार

भोपाल संभाग को वैचारिक और धरातलीय रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन ने एक प्रभावी टीम तैयार की है। अब संभाग अध्यक्ष राममोहन पाराशर एवं संभाग संयोजक ब्रजमोहन शर्मा की अनुभवी जोड़ी भोपाल संभाग के सभी पांचों जिलों में संगठन का विस्तार करेगी। दोनों ही पदाधिकारी वरिष्ठ एवं अनुभवी हैं, जिससे क्षेत्र में सनातन विचारधारा के प्रसार को नई गति मिलने की उम्मीद है। संगठन ने अपेक्षा व्यक्त की है कि नवनियुक्त पदाधिकारी सामाजिक चेतना के माध्यम से सनातन धर्म की मूल विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। लटेरी से एक साथ दो महत्वपूर्ण नियुक्तियों (अध्यक्ष एवं संयोजक) होने पर स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। समर्थकों का मानना है कि इस निर्णय से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि क्षेत्र का मान भी बढ़ा है। सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने लटेरी के वरिष्ठ समाजसेवी, वरिष्ठ भाजपा नेता, एडवोकेट राममोहन पाराशर को संभाग अध्यक्ष (भोपाल) नियुक्त किया है। यह नियुक्ति दंदरौआ महाराज के निर्देश एवं सच्चिदानंद महाराज के शुभाशीष से संपन्न हुई। अनुभवी नेतृत्व यानी राममोहन पाराशर और ब्रजमोहन शर्मा (संभाग संयोजक) की जुगलबंदी अब भोपाल संभाग के पांच जिलों में सनातन सेना का ध्वज बुलंद करेगी।

### सामाजिक चेतना और सनातन विचारधारा का घर-घर प्रचार

लटेरी क्षेत्र से दो अनुभवी चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय जनता ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है एवं राममोहन पाराशर एवं ब्रजमोहन शर्मा को बधाईयां प्रेषित की।

# बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिया ज्ञापन



**जागरण, गंजबासौदा।** बिजली वितरण कंपनी में पदस्थ कनिष्ठ एवं सहायक यंत्री संघ द्वारा बिजली कंपनी के मुख्य महाप्रबधक के नाम बिजली कंपनी की दमनकारी नीतियों के खिलाफ ज्ञापन दिया है। वर्तमान में प्रबंधन द्वारा मैदानी परिस्थितियों को समझे बिना कनिष्ठ यंत्रियों पर एक पक्षीय दंडात्मक अवैधानिक कार्यवाहिया की जा रही है, जो अत्यंत निंदनीय है। जिसमें निलंबन आदेशों की वापसी में संतोष कुमार बिसोरिया, सहायक प्रबंधक आनंदपुर, अविनाश रैकवार सहायक प्रबंधक वितरण केन्द्र बगरोदा सहित उन सभी 4 कनिष्ठ यंत्री हर्षा यादव तत्कालीन सहायक प्रबंधक एचटीएम, राकेश सवरवाल तत्कालीन सहायक प्रबंधक वितरण केन्द्र विदिशा ग्रामीण, अरुण शाह ठाकुर तत्कालीन सहायक प्रबंधक एनडीसीसी एवं आशीष कुआरे तत्कालीन सहायक प्रबंधक नेटवर्क आईटी के निलंबन आदेशों को तत्काल प्रभाव से रीवोक किया जाए, जिन्हें बिना ठोस जांच के अवैधानिक तरीके से दंडित किया गया है। इन 6 कनिष्ठ यत्रियो मे से आशीष कुआरे के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर अपनी नौकरी से त्याग पत्र दे दिया गया है। लगभग 15 कनिष्ठ एवं सहायक यंत्रियों को राजस्व वसूली के नाम पर जो कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं, उन्हें तुरंत वापस लिया जाए। कंपनी नियमानुसार राजस्व संग्रहण हेतु लाइन कर्मचारियो से लेकर महाप्रबंधक, स्तर तक की जबाबदेही तय की गई है, परंतु वरिष्ठ अधिकारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए केवल कनिष्ठ यंत्रियों पर अवैधानिक कार्यवाही कर रहे हैं, जो की अत्यंत निंदनीय है वितरण केंद्रों पर न तो नियमित लिपिक बाबू उपलब्ध हैं और न ही पर्याप्त लाइन स्टाफ। ऐसी स्थिति में कार्य के लक्ष्य प्राप्त न होने की जिम्मेदारी केवल कनिष्ठ यंत्री की नहीं हो सकती। यदि अगले 3 कार्य दिवसों के भीतर उक्त निलंबन आदेशो को वापस नहीं लिए जाते और नोटिसों पर कार्यवाही नहीं रोकी जाती, तो विदिशा वृत्त के समस्त अधिकारी सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार एवं आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी का 101वां जन्मदिवस मनाया

**जागरण, गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का 101 बां पंडित मदन मोहन मालवीय की जन्म जयंती मनाई कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी का जन्म ग्वालियर में हुआ, वहीं मदन मोहन मालवीय का 164 पर जन्म दिवस मनाया गया। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर कैलाश नामदेव, गोपाल सिंह ठाकुर, उत्तम सोनी, शैंकी दांगी, छोटेलाल, मुकेश सेन, समरजीत, टीपू सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# नपाध्यक्ष ने किया श्रीराम लीला मेला का शुभारंभ



**जागरण, गंजबासौदा।** नगर में नगर पालिका द्वारा नागरिकों के मनोरंजन के लिए लगवाए जाने वाले श्रीराम लीला मेले का गुरूवार 25 दिसंबर की शाम नपाध्यक्ष शशि अिनल यादव ने फीता काटकर एवं रामलीला के पात्र भगवान राम लक्ष्मण की पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया।


यहां उल्लेखनीय है कि नपा द्वारा प्रतिवर्ष नागरिकों के मनोरंजन के लिए श्रीराम लीला मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी यह मेला 25 दिसंबर से 14 जनवरी तक लगाया जा रहा है। जिसमें इस बार करीब 220 से अिधक दुकानें आवंटित की गई हैं। जिनमें खाने पीने, घरेलू आयटम, सौंदर्य प्रसाधन, बैग, कपडे, जनरल आयटम, जूता चप्पल, क्रॉकरी, निशानेबाजी, मिकी माउस सहित अन्य तरह की दुकानें नगर एवं बाहर से आए दुकानदारों द्वारा लगाई जाएंगी। इसके अलावा मेले में ब्रेक डांस झूला, कमल झूला और मौत का कुंआ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। मेले में रामलीला मंचन के साथ विभिन्न खेल गतिविधियां, सारेगामापा संगीत कार्यक्रम और समापन पर लोकगीत गायक जित्तू खरे का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मेले के शुभारंभ पर मेला समिति अध्यक्ष, समिति सदस्य, पक्ष विपक्ष के पार्षदगण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अटल जी की जयंती पर माल्यापर्ण कर दी पुष्पांजलि



**सलामतपुर।** गुरुवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सलामतपुर भाजपा मण्डल के विभिन्न बूथों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा सलामतपुर मंडल अध्यक्ष रीतेश अग्रवाल, मंडल महामंत्री हरीश मालवीया, मण्डल मंत्री संजीव यादव, प्रदीप यादव, पंकज तोमर, शंकर दादा, यशवंत राजपूत, छोटे रायकवार, दीपक अहिरवार सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया कन्या विद्यालय का निरीक्षण



**रायसेन।** रायसेन स्थित शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय का कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक कार्य और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों से अध्यापन कार्यप्रगति, कक्षावार बालिकाओं की संख्या तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले और प्रदेश की मेरिट सूची में विद्यालय की बालिकाएं स्थान प्राप्त करें, यह लक्ष्य निर्धारित कर प्रयास किए जाएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विभिन्न कक्षाओं में जाकर बालिकाओं से भी अध्यापन, शैक्षणिक कार्य की जानकारी ली। साथ ही अंग्रेजी विषय की पुस्तक से बालिकाओं से प्रश्न पूछे तथा एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक भी उपस्थित रहे।

# कार्रवाई की मांग को लेकर यादव समाज ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सिलवानी**

शुक्रवार को यादव समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से सिलवानी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफकथित तौर पर की गई असंसदीय टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में अखिल भारतीय यादव महासभा की और से बताया गया कि 21 दिसंबर को रायसेन में आयोजित एक सभा के दौरान विधायक देवेंद्र पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ पर्ची वाला मुख्यमंत्री जैसे गैर मर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जिससे यादव समाज आहत है। समाज ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव का चयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ है। यादव समाज ने कहा कि मुख्यमंत्री न केवल यादव समाज का गौरव हैं बल्कि प्रदेश की सात करोड़ जनता के प्रतिनिधि भी हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की टिप्पणी से पूरे समाज की छवि धूमिल हुई है। साथ ही विधायक द्वारा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व एवं वर्तमान मंडल अध्यक्षों पर सट्टा खिलवाने अवैध शराब बिकवाने एवं संरक्षण देने जैसे निराधार आरोप लगाए गए हैं जबकि क्षेत्र में यादव समाज के कई गणमान्य व्यक्ति पूर्व में भी और वर्तमान में भी मंडल अध्यक्ष पद पर रहे हैं। समाज ने मांग की कि विधायक देवेंद्र पटेल अपने बयान को तत्काल वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। ऐसा नहीं होने की स्थिति में यादव समाज द्वारा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर तहसील यादव समाज अध्यक्ष दिनेश यादव, समाज के पूर्व अध्यक्ष नारायण यादव, मुन्ना यादव, तुलसी यादव, कांता यादव, अजमेर यादव, यशपाल यादव, जितेंद्र यादव, नरेश यादव, केशु यादव सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

नगर पालिका एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्यवाही, सड़क से हटाया अतिक्रमण

# जाम से राहत की कोशिश, फल व सब्जी के ठेले हटे, दुकानदारों को सख्त चेतावनी



**जागरण, रायसेन**

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए शुक्रवार को नगर पालिका और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई मुख्य रूप से शहर की प्रमुख सड़कों पर की गई, जहां सड़क किनारे अवैध रूप से दुकानों और ठेलों के कारण यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही थी।

प्रशासनिक अमले ने सड़क किनारे लगाए गए फल एवं सब्जी के ठेलों, अस्थायी दुकानों और अन्य अतिक्रमणों को हटाया। अधिकारियों ने बताया कि शहर की मुख्य सड़क की चौड़ाई लगभग 80 फीट है, लेकिन वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण के कारण सड़क सिकुड़कर काफी संकरी हो गई थी। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ रहा था, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले फल एवं सब्जी विक्रेताओं को सड़क से लगभग 10 फीट पीछे नाले के पास स्थानांतरित किया गया, ताकि सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुचारु रूप से हो सके। रामलीला मार्ग पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले दो सब्जी विक्रेताओं की दुकान हटाकर उनका सामान जब्त किया गया। इस दौरान व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी गई कि वे पुनः सड़क पर अतिक्रमण न करें। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन, सीएमओ सुरेखा जाटव और यातायात प्रभारी लता मालवीय अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### पार्किंग स्थल न होना भी बड़ी समस्या

शहर में यातायात बाधित होने की एक बड़ी वजह पार्किंग की समस्या भी है। निर्धारित पार्किंग स्थल न होने के कारण लोग अपने वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। इस समस्या को देखते हुए नगर पालिका द्वारा महामाया चौक पर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उद्योग विभाग परिसर में भी पार्किंग सुविधा विकसित करने की कार्य योजना बनाई जा रही है।

### नगर पालिका ने सड़क के दोनों और खींची सीमा रेखा

नगर पालिका द्वारा सड़क के दोनों ओर चूने की स्पष्ट लाइन खींची गई, जिससे यह तय किया जा सके कि दुकानदार अपनी दुकान या ठेला किस सीमा के भीतर ही लगाएं। अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि यदि कोई भी व्यापारी इस निर्धारित सीमा का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि मुख्य बाजार मार्ग पर अतिक्रमण के कारण न केवल वाहन चालकों को परेशानी होती है, बल्कि पैदल चलने वाले आम नागरिकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन दुकानदार कुछ समय बाद फिर से उसी स्थान पर काबिज हो जाते हैं। ऐसे में स्थायी समाधान के लिए प्रशासन की सख्त और प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# लापरवाह अधिकारियों पर सख्ती, दिए नोटिस




**जागरण, रायसेन**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों, अनमोल 2.0, टीकाकरण, एनआरसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, कायाकल्प, एनसीडी कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएमएचओ और चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मरीजों तक सुगमता और प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए।

बैठक के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया। सांची बीपीएम अंजू बेलवंशी को एएनसी पंजीयन कार्य एवं नॉन कम्यूनिकेबल डिसीज की मॉनीटरिंग में उदासीनता बरतने पर पृथक-पृथक नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं औबेदुल्लागंज बीएमओ डॉ. धर्मेन्द्र गौड को भी कार्य में लापरवाही के चलते नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए गए। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को फील्ड में जाकर अधीनस्थ अमले के साथ बैठक करने तथा कमियों को दूर कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 15 दिवस में कार्यप्रणाली में सुधार लाने और इसकी रिपोर्ट टीएल बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने विकासखंडवार मातृ मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सिलवानी विकासखंड में चार मातृ मृत्यु होने पर नाराजगी जताई और संबंधित बीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाओं की काउंसलिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एनसीडी कार्यक्रम में सांची विकासखंड की कमजोर प्रगति पर भी असंतोष व्यक्त किया गया, वहीं अन्य विकासखंडों में जांच की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में कार्ड निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों के शीघ्र कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए।

## नगर सरकार ने मौके पर सुनी नागरिकों की समस्याएं

**रायसेन।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका प्रशासन निरंतर वार्डों का भ्रमण कर रहा है। इसी क्रम में आज शहर के वार्ड क्रमांक 16 में नगर सरकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन, संबंधित वार्ड पार्षद आरिफ मोहम्मद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सुरेखा जाटव सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान वार्डवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कथा में देखने मिला श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम



**जागरण, सिलवानी**

सिलवानी तहसील अंतर्गत ग्राम पठा पौड़ी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति रस की सरिता प्रवाहित होती रही।

वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक पं. कृष्णकांत शास्त्री ने पंचम दिवस की कथा में मुख्य रूप से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने माखन चोरी, पूतना वध, यशोदा मैया को त्रिभुवन दर्शन, तथा गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। कथावाचक ने बताया कि इंद्र देव के अभिमान को चूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाया, जिससे यह संदेश मिलता है कि अहंकार का अंत निश्चित है और भक्ति ही सर्वोच्च मार्ग है। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लिया और आरती की।

## मिशनखेड़ा स्कूल में 200 बच्चों की जांच

**जागरण, इटारसी।** लायंस क्लब इटारसी फ्रेन्ड्स द्वारा ग्राम मिशनखेड़ा के शासकीय स्कूल में मेडिकल कैंप क्लब के भारत भूषण दीवान की स्मृति में लगाया। क्लब अध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में डॉ. अभिषेक सोनी एवं डॉ. मनन अग्रवाल ने सेवाएं दीं। इस दौरान सचिव कामेश अग्रवाल ने बच्चों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया।


# जागरण विदिशा

विदिशा, 27 दिसम्बर 2025 | शमशाबाद, कुरवाई, ग्यारसपुर | www.dainikjagranmpcg.com


## मंडी में 42 हजार 544 क्विंटल अनाज की आवक

**जागरण विदिशा।** शुक्रवार को अनाज मंडी 42 हजार 544 क्विंटल अनाज की आवक रही। इस दौरान सर्वाधिक 15 हजार 400 क्विंटल धान की आवक रहा। जो कि 1400 रुपए से लेकर 3962 रुपए क्विंटल तक बिकी। इसी तरह चने के भाव 4400 से 5400 रुपए क्विंटल रहे। वहीं मसूर 5715 से 6180 के भाव बिकी। इसी तरह सोयाबीन 2900 से 5220 रुपए क्विंटल के भाव वहीं गेहूं 1700 से 2740 के भाव रहा और करीब 1188 किसानों ने अपने अनाज का बिक्रय किया।

## न्यूज कार्नर

### नि:शुल्क शिविर में 100 लोगों का हुआ परीक्षण




**गुलाबगंज।** शुक्रवार को गुलरखेड़ी के सामुदायिक भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन निवारण हेल्थ केयर सेंटर के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डॉ. विकास जैन एवं डॉक्टर अपेक्षा जैन ने मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में मुख्य रूप से हृदय रोग, बीपी, शुगर, सॉस रोग, थायराइड एदंत रोग से संबंधित मरीजों का परीक्षण किया गया। परीक्षण कराने 100 मरीज का शिविर के माध्यम से परामर्श दिया गया। साथ ही शुगर, ईसीजी एवं खून की जांच नि:शुल्क की गई।

### वन विभाग ने अतिक्रमण मुक्त कराई सैकड़ों एकड़ भूमि



**शमशाबाद।** विगत दिनों वन विभाग द्वारा ग्राम कोलुआ की सैकड़ों हेक्टेअर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। उसी तारतम्य में शुक्रवार को वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी राजस्व विभाग के पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी का लगभग डेढ़ सौ लोगों के अमले के साथ सीमा रेखाओं पर गड्ढे कर तार फेंसिंग की प्रक्रिया आरंभ की। जिसमें शासन द्वारा करीबन165 हेक्टेयर वन भूमि में पौधा रोपण कराया जाएगा। जिसका काम जल्द ही चालू किया जाएगा। इस मौके पर वन विभाग के एसडीओ प्रसांत साकरे द्वारा बताया गया कि उक्त कोलुआ ग्राम बीट के कक्ष क्रमांक 248 नंबर की सैकड़ों हेक्टरयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराई गई थी। उसमेअब वन विभाग द्वारा 165 हेक्टेयर भूमि में पौधारोपण की तैयारी की जा रही है जो बारिश के पहले इस भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा।

### पूर्व विधायक, नपाध्यक्ष एवं भाजपा नेताओं ने दिलाया शहर विकास का भरोसा

# आखिर 45 दिन बाद माने नगर पालिका के पार्षद गांधी प्रतिमा स्थल पर चल रहा धरना समाप्त

जागरण विदिशा

नपा की कार्यप्रणाली एवं शहर में विकास कार्य न होने से खफा नगरपालिका के पार्षद विभिन्न मांगों को लेकर नीमताल चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर लंबे समय से धरनारत थे। इस आंदोलन को समाप्त किए जाने के तमाम तरह के प्रयास होते रहे लेकिन पार्षद विकास कार्य शुरू न होने की जिद पर अड़े रहे। अंततः शहर में सड़कों के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। इसी के साथ ही शुक्रवार को पूर्व विधायक शशांक भार्गव, भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेशसिंह,पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह आदि धरना स्थल पर पहुंचे और शहर में विकास कार्य शुरू होने सहित विभिन्न मांगों पर कार्य कराए जाने के लिए आश्वस्त किया इसी के साथ ही यह धरना आंदोलन अब 45 वें दिन समाप्त हो गया है।

मालूम हो कि नगरपालिका के शुरूआती दो वर्ष विकास कार्य को लेकर बेहतर रहे लेकिन इसके बाद नपा में जो खींचतान की स्थिति बनी वह लंबे समय चलती रही और इस मनमुटाव व खींचतान के बीच शहर का समूचा विकास रुक जाने से पार्षदों की भी चिंता बढ़ी उन्हें अपने वार्ड में समुचित कार्य न करा पाने की पीड़ा थी पर वे कुछ कर नहीं पा रहे थे और इसी कसमसाहट के चलते पार्षदों में आक्रोश बढ़ा और 11 नवंबर से गांधी प्रतिमा स्थल पर धरना आंदोलन शुरू कर दिया गया था। इस दौरान धरना स्थल पर आंदोलित पार्षद अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते रहे। पुतला दहन, भ्रष्टाचार की अर्थी, अर्द्धनग्न प्रदर्शन, मशाल जुलूस, बेतवा में जल सत्याग्रह आदि आंदोलन जारी रहे और आंदोलन को जनता का भी समर्थन मिलता रहा। कई बार राजनीतिक लोगों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त करने का प्रयास भी किया, लेकिन पार्षद विकास कार्य शुरू न होने से पहले यह धरना प्रदर्शन समाप्त करने के पक्ष में नहीं रहे।




### सरकार व संगठन की भी हो रही थी किरकिरी

शहर में पूर्ण बहुमत के भाजपा समर्थित नपा परिषद होने एवं भाजपा के ही विधायक,भाजपा के ही सांसद व प्रदेश में भी भाजपा सरकार के रहते इस धरने में भाजपा के कई पार्षदों के शामिल रहने से जनता के बीच परिषद के साथ ही संगठन की भी कमजोरी उजागर हो रही थी। आखिरकार आंदोलित पार्षदों के इस धरना प्रदर्शन को देखते हुए शहर में बदहाल सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी से प्रारंभ हो चुके हैं। अन्य मांगों के संबंध में भी पार्षदों को कुछ दिनों से आश्वस्त कर धरना प्रदर्शन समाप्त कराए जाने के लिए मन बनाया जा रहा था। इसी क्रम में आज शुक्रवार को न केवल भाजपा के नमा बल्कि अधिकारी भी पार्षदों के धरना स्थल पर पहुंच और अंततः उन्हें धरना प्रदर्शन के लिए मना लिया गया।

### सभी एकजुट होकर विकास कार्य में जुट जाएं : भार्गव

धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा कि विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए पार्षद 45 दिन से धरने पर बैठे थे। सभी पार्षद पहले से एकजुट हैं और अब धरना समाप्त कर एकजुट होकर विकास कार्य में जुट जाएं। शहर में सिर्फ सड़कों के कार्य ही नहीं शहर में जल भराव भी बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि शहर का विकास हो लेकिन व सुनियोजित तरीके से हो। ऐसा न हो जैसा कि मेरे घर के सामने वाली सड़क का कार्य हुआ। जिसमें पहले पेबर ब्लॉक लगाए, फिर उस सीसी कर दिया गया फिर दूसरे नपाध्यक्ष ने डामरीकरण कर दिया। काम बेहतर हों और मेरा जब भी किसी तरह के सहयोग की जरूरत हो वे हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेंगे।

### विदिशा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी: शर्मा

वहीं भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि नगर के विकास को लेकर हमारी पार्टी के ही लोग धरने पर बैठे थे। संगठन को भी चिंता थी। अब बात बन गई है। विकास कार्य तेजी से शुरू हो चुके हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि विधायक भी आश्वस्त कर चुके हैं कि विकास कार्य में बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक निधि से भी शहर विकास में राशि मिलेगी। वहीं केंद्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान भी शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पहले भी शहर में काफी विकास कार्य हुए हैं और अब यह कार्य और अधिक तेजी से होंगे। शहर का समुचित विकास किया जाएगा।

### इन्होंने भी किया संबोधित

धरना समाप्त कराने पहुंच नेताओं में नपाध्यक्ष प्रति शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह, भाजपा नेता तेजिंदरसिंह बन्नू, सनातन श्री हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस दौरान समाजसेवी घनश्याम बंसल सहित अन्य प्रमुख लोग एवं धरनारत पार्षद मौजूद रहे।

## बैंक खाते से दो दिन में उड़ाए 46 हजार 600 रुपए, साइबर ठगी

जागरण विदिशा

साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। आरएमपी नगर निवासी हलकेश बघेल के बैंक खाते से दो दिनों में 46,600 रुपए निकाल लिए गए। ठगों ने उनके मोबाइल पर लगातार ओटीपी भेजे, जिससे वह परेशान हो गए। हलकेश बघेल को लगातार ओटीपी मैसेज आने से परेशानी हुई। उन्होंने पहले मोबाइल साइलेंट किया और फिर अधिक मैसेज आने पर फ्लाइट मोड पर डाल दिया। बाद में जब उन्होंने अपना बैंक खाता चेक किया, तो पता चला कि उनके खाते में 46,600 रुपए की जगह केवल 451 रुपए बचे थे। हलकेश बघेल एक प्राइवेट गाड़ी ड्राइवर हैं और अपने परिवार का भरण.पोषण करते हैं। उनके दो बेटे हैं, जिनकी उम्र 19 और 10 साल है और वे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने अपने मकान के ऊपरी हिस्से में निर्माण कार्य के लिए ये पैसे बचाकर रखे थे, जो साइबर ठगों ने उड़ा लिए। बैंक स्टेटमेंट के अनुसार 23 दिसंबर को उनके खाते से 1 रुपए का लेनदेन हुआ, जिस पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। 24 दिसंबर को अचानक 34,770 रुपए और फिर 11,437 रुपए निकाले गए। 25 दिसंबर को 34 हजार 770 रुपए खाते में वापस आए, लेकिन कुछ ही देर बाद 29,625 रुपए और 5,086 रुपए फिर से काट लिए गए। इन सभी लेन.देन के बाद उनके खाते में मात्र 451 रुपए शेष रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही हलकेश बघेल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## उज्ज्वला योजना के तीसरे चरण के लिए गैस कनेक्शनों का मिला लक्ष्य

**जागरण विदिशा।** उज्ज्वला योजना के तीसरे चरण के लिए रसोई गैस कनेक्शन के लिए लक्ष्य मिल चुका है और इसके तहत जिले में अधिक से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए जाने की तैयारी है और यह कार्य शुरू किया जा चुका है। इस संबंध में प्रेस क्लब विदिशा में, आयल कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सम्बन्ध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में विशेष रूप से मुख्य प्रबंधक, एलपीजी विक्रय भोपाल इंडेन मंडल कार्यालय श्रुति टंडन, जिला नोडल अधिकारी एवं विक्रय अधिकारी इंडियन आयल, ईशा पाटिल, विक्रय अधिकारी एच पी सी एल कल्पेश मौर्य एवं कनिष्ठ खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं डीएसओ प्रभारी मिताली मेहरा मौजूद रहे जिन्होंने भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत स्वीकृत किए गए 25 लाख अतिरिक्त निशुल्क एलपीजी कनेक्शन के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अधिकारियोंने बताया कि इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों की महिलाओ को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती रसोई ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता और सशक्त हुई है।उन्होंने बताया कि प्रधान मंत्री उज्चला योजना मई 2016 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को बिना जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि गरीब परिवारों की वयस्क महिलाएँ, जिनके परिवार के किसी भी सदस्म के नाम पर पहले से कोई एलपीजी कनेक्शन नहीं है परिवार संरचना दस्तावेज़ के अनुसार वे आवेदन के लिए पात्र रहेंगी।

## विदिशा के व्यवसायी का हांगकांग में निधन, कंपनी के टूर पर गए थे

**जागरण विदिशा।** विदिशा के एक व्यवसायी करीब 47 वर्षीय आलोक जैन की हांगकांग में हृदयगति रुकने से निधन होने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार वे कंपनी के टूर पर गए थे। बताते हैं उनका निधन 20 दिसंबर की रात को हुआ। परिजन

### छह दिन से शव के इंतजार में परिजन



छह दिनों से शव के आने के इंतजार में हैं। परिजन आशीष जैन ने बताया कि अरिहंत विहार निवासी उनका भाई आलोक का बेस नदी के पास ट्रैक्टर का वर्कशॉप एवं कृषि यंत्र का व्यवसाय है। कंपनी टूर पर वे 17 को यहां से हांगकांग के लिए रवाना हुए थे। इस कंपनी टूर में देश भर के 80 एवं प्रदेश के 11 व्यवसायी शामिल थे। 20 दिसंबर की रात हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। अवकाश व विभिन्न प्रक्रिया के चलते शव आने में देरी हो रही। शव आने में कुछ दिन और लग सकते हैं। आलोक की दो 16 एवं 14 वर्ष की दो बेटियां हैं। निधन की इस सूचना से समूचे परिजन शोकमग्न है और अंतिम दर्शन के लिए शव आने का इंतजार किया जा रहा है।

## एएनएम कर्मचारियों का विरोध: रिक्त सब सेंटर्स पर सीएचओ की ड्यूटी लगाने की मांग

जागरण कुरवाई




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कार्यरत समस्त बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम ने खंड चिकित्सा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर रिक्त उप स्वास्थ्य केंद्रों सब सेंटर्स पर अपनी ड्यूटी न लगाने की मांग की है। एएनएम कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र के अलावा अतिरिक्त कार्यभार वहन करने में असमर्थ हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा के पत्र क्रमांक मा.स्वा.2025/1838.49 तथा एएनएम कुरवाई के पत्र क्रमांक 2025/65.00 दिनांक 8 जनवरी 2025 के परिपालन में वे पहले से ही अपने सब सेंटर के पूर्ण कार्य के साथ-साथ अन्य सब सेंटर्स पर टीकाकरण कार्य कर रही हैं। इसके अलावा, कैचअप राउंड अभियान में भी उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। एएनएम कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी आदेश के बावजूद उसका पालन नहीं किया जा रहा है।

आदेश में स्पष्ट निर्देश है कि जहां एएनएम की पोस्ट रिक्त है और सीएचओ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पदस्थ है वहां सीएचओ द्वारा ही टीकाकरण एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं का कार्य किया जाए। इसी तरह मिशन संचालक एनएचएम के 17 जनवरी 2025 के भ्रमण के दौरान भी ऐसे केंद्रों पर सीएचओ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इन आदेशों की अवहेलना कर रिक्त सब सेंटर्स पर भी एएनएम की ड्यूटी लगाकर माइक्रोप्लान तैयार किया जा रहा हैए जिससे एएनएम पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। प्रार्थियों ने खंड चिकित्सा अधिकारी से अनुरोध किया है कि वरिष्ठ कार्यालय के आदेशानुसार माइक्रोप्लान बनाकर सीएचओ की ड्यूटी लगाई जाए और एएनएम को अपने क्षेत्र से बाहर कार्य न कराया जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा अधिकारी विदिशा तथा जिला अध्यक्ष एनबीएसके विदिशा को भी प्रेषित की गई है। यह मामला स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के कार्यभार और आदेशों के पालन से जुड़ा होने के कारण चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बींझ पंचायत में नियमों की अनदेखी, सादे बिल-बाउचर पर 60 हजार का भुगतान

**जागरण नटेरन।** जनपद पंचायत नटेरन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बींझ में वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है। पंचायत द्वारा 9 अक्टूबर 2025 को मात्र सादा बिल.बाउचर के आधार पर 60 हजार रुपए की मजदूरी का भुगतान कर दिया गयाए जो शासन के निर्धारित नियमों के पूर्णतः विरुद्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस बिल.बाउचर पर यह भुगतान किया गया, उसमें न तो कोई बिल नंबर अंकित है और न ही मजदूरों की नामवार सूची संलग्न की गई है। नियमों के अनुसार मजदूरी भुगतान के लिए मजदूरों की उपस्थिति पत्रक, नाम सूची, कार्य विवरण एवं विधिवत बिल नंबर का होना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में इन सभी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज किया गया। बिल.बाउचर में आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में यह सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर 60 हजार रुपए की राशि किसे और किस कार्य के एवज में भुगतान की गई।



इससे पंचायत के वित्तीय लेन.देन की पारदर्शिता पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में पहले भी इस तरह की अनियमितताएं सामने आती रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि जनपद पंचायत नटेरन एवं संबंधित विभाग इस गंभीर वित्तीय अनियमितता पर क्या कदम उठाते हैं या फिर मामला कागजों में ही दबकर रह जाएगा।

## खेल शिक्षक की भर्ती पर सरकार से जवाब तलब

### जागरूक नागरिक पंकज भार्गव ने लगाई हाईकोर्ट में याचिका

जागरण विदिशा

मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खेल के नाम पर पिछले दो दशकों से एक बड़ा आर्थिक खेल चल रहा है। प्रदेश के करीब 92 हजार स्कूलों में न तो खेल के मैदान हैं और न ही पिछले 20 वर्षों से खेल शिक्षकों की नियमित भर्ती हुई है। इसके बावजूद, छात्रों से हर साल स्पोर्ट्स फीस के नाम पर करोड़ों रुपये तक की वसूली की जा रही है। इस गंभीर विसंगति को लेकर विदिशा के जागरूक नागरिक पंकज भार्गव द्वारा लगाई गई याचिका पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। याचिकाकर्ता भार्गव ने बताया कि कोर्ट ने इसे केवल व्यक्तिगत मामला न मानकर जनहित याचिका पीआईएल में बदल दिया है और सरकार से जवाब तलब किया है। कक्षा 9वीं.10वीं से 120 और 11वीं.12वीं के छात्रों से 200 रुपए खेल फीस ली जा रही है, जबकि गतिविधियां शून्य हैं। जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 86 हायर सेकेंडरी और 120 हाई स्कूल कुल 206 स्कूल संचालित हैं जहां बुनियादी खेल सुविधाओं और शिक्षकों का अभाव है। महज 14 शासकीय स्कूलों में खेल शिक्षक हैं। प्रदेश में आखिरी बार 2006 में खेल शिक्षकों की भर्ती हुई थी। 2024 में निकाली गई भर्ती के पद ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। जबकि सामान्य प्रशासन विभाग के गजट नोटिफिकेशन में माध्यमिक शिक्षक के 507 और प्राथमिक शिक्षक के 1077 पद रिक्त प्रदर्शित किए गए थे। लेकिन माध्यमिक शिक्षक के 338 और प्राथमिक खेल शिक्षक के 724 पदों पर ही भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नई शिक्षा नीति 2020 शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य मानती है लेकिन एमपी में इसे कागजों तक सीमित कर दिया गया है।

एडवोकेट दिनेश चौहान के माध्यम से कोर्ट में तथ्य रखे गए हैं कि कैसे एएसईआर की रिपोर्ट के अनुसार 100 में से केवल 6 स्कूलों में खेल गतिविधियां हो रही हैं। कोर्ट के इस दखल के बाद अब उम्मीद जगी है कि प्रदेश के करोड़ों बच्चों को उनका हक और मैदान मिल सकेगा।

मामले को कोर्ट तक ले जाने वाले पंकज भार्गव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 में शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य विषय बनाया है, लेकिन मध्य प्रदेश में इसे पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। बिना संसाधन और शिक्षकों के बच्चों से करोड़ों की फीस वसूलना उनके भविष्य और अभिभावकों की जेब के साथ खिलवाड़ है। मेरा सरकार से यही बोलना है कि जितने पद सामान्य प्रशासन विभाग के गजट नोटिफ्किेशन में निकाले गए हैं उन सभी पदों पर भर्ती की जाए।

## 15 सूत्रीय मांगों को लेकर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन



जागरण विदिशा

शुक्रवार को मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ द्वारा अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर चौथे चरण में कलेक्टोरेट परिसर में सांकेतिक धरना दिया एवं अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान कर्मचारियों का कहना था कि उनकी लंबित मांगों की ओर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इसी क्रम में सांकेतिक धरना दिया गया है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में 16 जनवरी भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर जिले के सभी पदाधिकारी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में माल्यार्पण करते हुए मांगों के निराकरण के लिए शासन प्रशासन को संदेश देंगे।

इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश मालवीय, विमलेश सक्सेना सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### बालाजी गोल्डन सिटी में गाजे बाजों के साथ हुआ भव्य स्वागत

# नगर में सांसद साक्षी महाराज का हुआ आगमन



महिला प्रदेश अध्यक्ष नीतू सुनील लोधी के निवास पर साक्षी महाराज का हुआ आगमन।



जागरण विदिशा। बांके बिहारी एसोसिएट्स पर भी हुआ साक्षी महाराज का स्वागत।

जागरण विदिशा

अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महा महामंडलेश्वर डॉ. हरि साक्षी महाराज उत्तर प्रदेश से बीजेपी सांसद का शुक्रवार को नगर आगमन हुआ। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुनील लोधी व अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की महिला प्रदेश अध्यक्ष नीतू लोधी द्वारा उनके निज निवास पर आगमन हुआ। जहां बालाजी गोल्डन सिटी कॉलोनी में साक्षी महाराज का डीजे ढोल ढमाकों, आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सुनील लोधी द्वारा साक्षी महाराज को श्रीराम की प्रतिमा देकर उनका सम्मान किया।

इस दौरान महेश नरवरिया, प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह लोधी, प्रदेश संरक्षक संजय कुमार इंदौर, उमाशंकर दुबे, चंद्र पाल सिंह जादौन, सुनील वर्मा, हरिनारायण लोधी, लक्ष्मण सिंह भदौरिया, नीलेश लोधी, भोपाल जिला अध्यक्ष. लक्ष्मण सिंह लोधी, विष्णु सिंह, सुंदर कुमार, रणधीर सिंह लोधी सहित समर्थक उपस्थित रहे।

वहीं बांके बिहारी एसोसिएट्स के संचालक उमाशंकर दुबे जी जन्मदिन के उपलक्ष्य में आचार्य महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी सच्चिदानन्दहरि व भाजपा सांसद साक्षी महाराज का नगर आगमन हुआ। जहां समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विदिशा विधानसभा मंडलों के होंगे फाइनल मैच

### तैयारियों को लेकर हुई बैठक, कृषि मंत्री शिवराज होंगे सम्मिलित

जागरण विदिशा



सांसद खेल महोत्सव 2025 के विधानसभा स्तरीय आयोजन दिनांक 28 दिसम्बर को होने जा रहा है जिसमें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह सम्मिलित होंगे जिसकी तैयारी के संबंध में शुक्रवार को एसएसएल जैन कॉलेज में बैठक का आयोजन विधायक विदिशा मुकेश टंडन की अध्यक्षता में किया गया जिसमें उक्त आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए विधायक ने सभी को आवश्यक निर्देश दिए। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि संसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विदिशा विधानसभा के समस्त मंडलों की क्रिकेट एवं कबड्डी की विजेता टीमों के मध्य आयोजित होगी एवं क्रिकेट एवं कबड्डी का फाइनल मैच 28 दिसम्बर को एसएसएल जैन कॉलेज खेल मैदान पर होगा।

बैठक में जनपद अध्यक्ष विदिशा वीर सिंह रघुवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओपी सनोडिया, एसडीएम क्षितिज शर्मा, रक्षित निरीक्षक बीएस चौहान, सीएसपी अतुल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत, एसडीओ पीडब्लूडी रवि चिडार, जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, दिनेश कुशवाह, राम प्रसाद पासी, दिलीप सिंह थापा आदि उपस्थित रहे।